## शिक्षा व कॅरियर की सही दिशा चुनने दिया मार्गदर्शन

### रोटरी क्लब ऑफ प्राइड की एमएलबी स्कूल में कॅरियर काउंसलिंग कार्यशाला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बच्चो के केरियर को लेकर उनकी समय-समय ठीक से कॉन्सलिंग हो सके और स्कूली बच्चें अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके इन्ही उदेश्यों को लेकर गुरुवार को रोटरी क्लब ऑफ छिन्दवाड़ा प्राइड के द्वारा शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा में छात्राओं के लिए संवारे अपना भविष्य वो विषय को लेकर केरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया था।



रोटरी क्लब ऑफ प्राइड की अध्यक्ष श्रीमती अंजलि नायक ने कार्यशाला का उद्देश्य बताते हुए कहा की बेटियों को उनके उज्जवल भविष्य के प्रति जागरूक करना, उन्हें विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी देना तथा उनके आत्मविश्वास को मज़बूत बनाना इसका प्रमुख उद्देश्य है। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों में सचिन जैन,एंबिशन कोचिंग क्लासेस, अनवर अहमद खान रैंकर्स कोचिंग क्लासेस, डॉक्टर प्रकल्प जैन, एलिजिबल ट्रेड स्टॉक मार्केट ट्रेडर ट्रेनर के साथ-साथ राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षा विद रोटेरियन विनोद तिवारी ने उपस्थित छात्राओं को उनके रूचि क्षेत्रों के आधार पर शिक्षा व करियर की सही दिशा चुनने में मार्गदर्शन दिया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कैसे आज के युग में बेटियाँ किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, चाहे वह विज्ञान हो, प्रशासन, चिकित्सा, कानून, तकनीक या व्यवसाय। उन्होंने बताया की हमे अपना लक्ष्य पूर्व से तय करना चाहिए तभी सफलता मिलती है। कड़े परिश्रम एवम एकग्रता से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। कार्यशाला में सभी स्कूली छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अनेक प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर विशेषज्ञों ने सरल और प्रेरणादायक तरीके से दिया। इस आयोजन से 80 बेटियाँ लाभान्वित हुईं और उनमें अपने सपनों को पूरा करने का नया जोश और विश्वास जागृत हुआ।

कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्या श्रीमती अलका श्रीवास्तव का सराहनीय सहयोग रहा। रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा प्राइड का यह सराहनीय प्रयास निश्चित ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। और इस कदम को आगे बढ़ाने में सचिन जैन एम्बिशन कोचिंग क्लासेस, अनवर अहमद खान रैंकर्स कोचिंग क्लासेस, डॉ. प्रकल्प जैन एलिजिबल ट्रेड, स्टॉक मार्केट ट्रेडर/ट्रेनर, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षा विद रोटेरियन विनोद तिवारी, रोटरी क्लब आफ प्राइड की अध्यक्ष अंजली नायक, क्लब एग्जेक्यूटिव सचिव निधि अग्रवाल, क्लब मेंबर ऋचा राय, डॉ. गरिमा नागदेव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यशाला का सफल संचालन निधि अग्रवाल ने किया।

## आदिवासी महिला सरपंच की गिरफ्तारी पर सरपंच संघ ने जताया विरोध



रिहाई की मांग का ज्ञापन सौंपा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत जुन्नारदेव के अंतर्गत ग्राम पंचायत नजरपुर की निर्वाचित आदिवासी महिला सरपंच जयवंति राज भोपा को एक आपराधिक प्रकरण में आरोपी बनाकर विगत 8 दिवस पूर्व रिमांड पर जेल भेजे जाने के विरोध में जिला सरपंच संघ द्वारा कड़ा विरोध दर्ज किया गया है। सरपंच संघ अध्यक्ष परसराम वर्मा ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि सरपंच का निर्वाचन संविधान प्रदत्त आरक्षण व्यवस्था के तहत होता है, जिसमें सामान्यत: कम पढ़ी-लिखी महिलाएं भी ग्राम वासियों के सहयोग से पंचायत संचालन करती हैं।

ग्राम पंचायत नजरपुर की सरपंच जयवंति राज भोपा भी स्थानीय आदिवासी समुदाय से आती हैं, और उनका निर्वाचन भी इसी लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा है। श्री वर्मा ने बताया कि पूर्व कार्यकाल 2020 में हुए कुछ निर्माण कार्यों विशेषकर हितग्राही मूलक तालाब निर्माण में हुई अनियमितताओं को वर्तमान सरपंच से जोड़ने का प्रयास किया गया है। पंचायत सचिव व अन्य कर्मियों द्वारा पुराने दस्तावेजों में बिना जानकारी दिए सरपंच से हस्ताक्षर कराए गए और उसी आधार पर उन्हें आरोपी बना दिया गया। सरपंच संघ का स्पष्ट कहना है कि जब पंचायत के शासकीय भुगतान सचिव एवं सरपंच के संयुक्त हस्ताक्षर से होते हैं, तो अकेले सरपंच को आरोपी बनाकर जेल भेजना अन्यायपूर्ण एवं षड़यंत्रपूर्ण है। संघ का यह भी आरोप है कि दोषी कर्मचारियों को बचाने हेतु अधिकारियों द्वारा पक्षपात किया जा रहा है। सरपंच संघ ने प्रशासन से मांग की है कि आदिवासी महिला सरपंच जयवंति राज भोपा की तत्काल रिहाई सुनिश्चित की जाए और दोषी कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर समान रूप से कठोर कार्यवाही की जाए।

### सार-समाचार

## गर्ल्स कॉलेज की एनएसएस इकाई ने नशामुक्ति की दिलाई शपथ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, छिंदवाड़ा में शासन के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. अस्मिता मुंजे के मार्गदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना एन.एस.एस. इकाई द्वारा नशामुक्ति अभियान की शुरुआत की गई।

इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना, उनमें जागरूकता उत्पन्न करना एवं एक स्वस्थ, सशक्त समाज के निर्माण में योगदान देना है। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने नशा मुक्ति की शपथ ली एवं नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम अधिकारी पूनम उसरेठे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। आज की युवा पीढ़ी यदि इस बुराई से दूरी बनाए रखेगी तो एक बेहतर राष्ट्र का निर्माण संभव होगा।

कार्यक्रम में डॉ. रजीना खान उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया और नशा मुक्त समाज की दिशा में ऐसे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं एवं एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने नशामुक्त भारत की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया।

## छोटा तालाब स्थित सुभाष पार्क में कबाड़ से जुगाड़ रेडियो से श्रवण लाभ ले रहे आमजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कावड़ से जुगाड भी आकर्षण का केंद्र हो सकता है ये देखने को मिला छोटा तालाब स्थित सुभाष पार्क में नगर निगम द्वारा कावड़ से जुगाड़ कर एक रेडियो तैयार किया गया है। उस रेडियो में आकाशवाणी से प्रसारण का लुफ्त जन अभियान परिषद के बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट ने अपने जिला समन्वयक एवम परार्मशदाताओं के साथ हार्डफुलनेस ध्यान केंद्र हैदराबाद से प्रशिक्षित ध्यान क्रिया को करने सुबह सुबह पहुंचे थे। ध्यान के बाद देश दुनिया की जानकारी एवम मनोरंजन भरी बाते पार्क में रखे रेडियो से सभी ने सुना।

इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, परामर्श दाता एवम नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर विनोद तिवारी, परामर्शदाता लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, आशीष साहू के साथ सभी बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट ने जल स्वच्छता की शपथ भी ली। जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने कहा की नगर निगम की ये अनूठी पहल नगर वासियों को इस स्वछंद वातावरण में आकाशवाणी केंद्र का सीधा प्रसारण इस सुभाष पार्क में रखे रेडियो से सुनने को मिल रहा है ये अनुकरणीय पहल है।

समाजसेवी विनोद तिवारी ने कहा की आज की दौड़ भाग की जिंदगी में इस तरह शुद्ध पर्यावरणीय वातावरण में मनोरंजन एवम जानकारी मूलक बातों का श्रवण लाभ हमारे नगर वासियों को मिल रहा ये अच्छी बात है। इस अवसर पर सभी ने एक अच्छे लीडरशिप के गुण भी नवाचारी तरीके से सीखे और छोटा तालाब, छोटा टापू में कबाड़ से जुगाड़ कर रेडियों के माध्यम से वहां जाने वाले आमजन मनपसंद गाने सुनकर आनंदित हो रहे है।

## चौरई में पत्रकार पर हमले का विरोध, जिला प्रशासन को ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले के चौरई तहसील में देशी शराब दुकान पर एक आप्रिय घटना घट गई जब पत्रकार योगेश जैन अपने परिवार के साथ मंदिर से लौट रहे थे तभी शराब दुकान से बोलेरो से शराब कि पेटियां लोड हो रही थी, जिसे देखकर दोनों युवा जिज्ञासु पत्रकार भाई बहन ने शराब कि पेटियों और गाड़ी का विडियो बनाने लगे तभी शराब दुकान या यूँ कहे शराब ठेकेदार सरदार के लावारिस गुण्डों ने दोनों भाई बहन पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे भाई योगेश जैन को गंभीर चोटें आई एवं बहन के हाथों से एक नया वनप्लस मोबाइल छीनकर तोड़ दिया गया। इस घटना की रिपोर्ट करने के बाद कार्यवाही के आभाव में श्रमजीवी पत्रकार संघ ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपा और कार्यवाही करने की मांग की है।



## ग्रामीण महिलाओं ने पोस्टर के माध्यम से जाना जल ही जीवन है का महत्व, ली शपथ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जल के महत्व को जन जन तक पहुचाने हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड बिछुआ के सेक्टर क्रमांक 1 के द्वारा आदीवासी बाहुल ग्राम मझियापार मे जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन एवं विकास खंड समन्वयक दीपक गेडाम के मार्ग दर्शन मे किया गया।



इस अवसर पर परामर्शदाता श्यामल राव ने उपस्थित जनो को बताया की भीषण गर्मी मे जल का स्तर गिर जाने की वजह से पीने योग्य पानी की कमी रहती है यदि हम प्राकृतिक जल स्त्रोतों एवं नलो से मिलने वाले पानी जिसका की संरक्षण किया जाना चाहिए। हम जल किस तरह से बरबाद करते हे पर आधारित कार्टूनिस्ट राजकुमार चौहान के द्वारा जनहित पर बनाये गये जल का करते दुरूपयोग को कैसे संरक्षण करना है पर आधारित चित्रो का प्रदर्शन कर जल की उपयोगिता से अवगत कराया। वहीं घरेलू बोर, हैंडपंप व कुए के पानी का किस तरह से संरक्षण जैसे कई नुख्से बताए और कहा कि जहां एक ओर गर्मी के समय भीषण जल संकट से जूझते रहते है।

उसी तरह बरसात में पानी बचाने के लिए कोई अथक प्रयास नहीं किया जाता यदि हम बरसात के पानी को सहेजकर रखें तो हमारा ग्राम खुशहाल बन सकता है। हार्ट फुलनेस की मास्टर ट्रेनर किरण चौपड़े, समाजसेवी अनुसुईया कामोने, एन.एम.आई.एम दिल्ली की छात्रा अक्षिता चोपड़े ने भी अपने विचार रखते हुये बताया की मनुष्य के जीवन जीने के लिए पानी का संरक्षण कंही ज्यादा आवश्यक होता है। इसलिए हम सब मिलकर पानी के महत्व को समझते हुये सहेजकर रखें। यदि हम जल को अभी से रोककर रखेंगे तो आने वाले समय मे संकट से बच पाएंगे, इसके लिए हम ग्राम का पानी गांव मे की परिकल्पना को साकार करने हमे बेकार बहने वाले नल के पानी को बचाने के लिए टोटी लगाएं ।

## रासायनिक औद्योगिक आपदा पर मॉकड्रिल, सूचना तत्काल पहुंचे अधिकारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आपदा की स्थिति में प्रशासन की तत्परता और समन्वय की क्षमता को परखने के उद्देश्य से छिंदवाड़ा सहित प्रदेश के 10 जिलों में आज एक महत्वपूर्ण मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। छिंदवाड़ा जिले में रासायनिक औद्योगिक आपदा पर आधारित यह अभ्यास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एन.डी.एम.ए.), राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एस.डी.एम.ए.) तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डी.डी.एम.ए.) के संयुक्त तत्वावधान में प्रात: 9:40 बजे से 11:30 बजे तक जिले के एक उद्योग परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान इंसीडेंट कमांडर ए.डी.एम. के.सी. बोपचे, पुलिस से ऑपरेशन सेक्शन चीफ, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, मॉक एक्सरसाइज के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर राहुल कुमार पटेल, डिप्टी इंसीडेंट कमांडर जिला होमगार्ड्स कमांडेंट एस.आर. आज़मी सहित अन्य प्रशासनिक एवं विभिन्न विभागों में अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।



### उद्योग परिसर में निर्धारित फायर एंड एक्सप्लोजन मॉकड्रिल एक्सरसाइज का कथानक

जिला छिन्दवाड़ा के एक उद्योग परिसर में 7000 हजार लीटर क्षमता वाले विशाल डीजल टैंक की पाइप लाईन में लीकेज हुआ। फैक्ट्री में टैंक के पास वेल्डिंग का कार्य चल रहा था, वेल्डिंग की एक स्पार्क, लीकेज डीजल के पास गिर जाने से प्रात: लगभग 9:40 बजे आगजनी का हादसा हो गया। फैक्ट्री के अधिकारी द्वारा प्लांट में कार्यरत् कर्मियों तथा आसपास के रहवासी क्षेत्रों को आग लगी होने की सूचना देने के लिये सायरन बजाना शुरू किया गया। सायरन की आवाज एवं फैक्ट्री के ऊपर आग की लपटों (काल्पनिक) एवं धुएँ को देखकर चारों तरफ अफ्रा.तफ्री फैल गई और लोग बदहवास से भागने लगे।

आग लगने पर उद्योग परिसर की बचाव टीम तत्काल हरकत में आई और सर्वप्रथम फैक्ट्री की इलेक्ट्रिक सप्लाई बंद कर आग बुझाने का काम चालू किया। आग के भयावह व बड़े स्वरूप के होने के कारण फैक्ट्री के अधिकारियों ने यथाशीघ्र जिले के रिस्पांसिबल अधिकारी (जिला कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी) को इस आग की सूचना दी। साथ ही कंट्रोल रूम एवं राज्य आपदा प्रबंधन के टोल फ्री नंबर 1079 पर घटना के बारे में अवगत कराया। स्थानीय अन्य संसाधनों के उपलब्ध होने तक फैक्ट्री का बचाव दल आग बुझाने में जुटा रहा।

सूचना प्राप्त होते ही जिले के रिस्पांसिबल अधिकारी, इंसीडेंट कमाण्डर (अपर कलेक्टर), ऑपरेशन सेक्शन चीफ (पुलिस हेड), स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम की टीम एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुँच गये। तत्काल घटनास्थल के पास स्टेजिंग एरिया, इंसीडेंट कमाण्ड पोस्ट, इंसीडेंट कैंप, राहत कैंप, मेडिकल पोस्ट आदि तैयार कर स्थापित किया गया। रिस्पॉन्सिबल अधिकारी ने तत्काल एक डिप्टी कलेक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त कर रेस्क्यू कार्य के दौरान समस्त टीमों से उनके कार्यों की जानकारी एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त कर रिस्पॉन्सिबल अधिकारी को प्रदान करने निर्देशित किया।

तत्काल स्थानीय नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम अपने शमन उपकरणों के साथ आग बुझाने के लिये पहुँची और उनके कर्मियों के द्वारा फैक्ट्री के बचाव टीम के साथ आग बुझाने की कार्यवाही में सहयोग देना प्रारंभ कर दिया। मेसर्स.भंसाली इंजीनियरिंग, पॉलीमर्स लिमिटेड, सौंसर (जिला पांढुणा) के द्वारा प्रॉक्सिमिटी सूट उपलब्ध कराये गये। जिससे रेस्क्यूअर जलती आग के बीच में अंदर गये और थोड़ी देर बाद बाहर आकर बताया कि अंदर अभी और आग बुझाने की आवश्कता है एवं किसी बंद कमरे में मदद के लिये चिल्लाने की आवाज आ रही थी। प्रयास करने पर भी उस कमरे का दरवाजा नहीं खोला जा सका।

इंसीडेंट कमाण्डर के द्वारा घटनास्थल के निकट सुरक्षित स्थान पर राहत कैप चिन्हित किया गया। उनके निर्देश पर तहसील स्तर के इंसीडेंट कमांडर के द्वारा कोटवारों की मदद से आस.पास की आवासीय बस्ती को खाली कराया गया और चिन्हित राहत कैंप में पहुंचाया गया। लगी हुई आग के अत्यंत पास के निवासरत् वृद्धों, महिलाओं, बच्चों आदि को वाहन के द्वारा चिन्हित राहत कैंप पर पहुँचाने की कार्यवाही भी तहसील स्तर के इंसीडेंट कमाण्डर द्वारा की गई। फुड एण्ड सप्लाई अधिकारी (फुड ऑफीसर) द्वारा राहत एवं सभी प्रशासनिक कैंप में प्रभावित पीड़ितों को भोजन, पानी, बिजली, साफसफाई, स्वास्थ्य आदि की व्यवस्था इंसीडेंट कमाण्डर के मार्गदर्शन में की गई।

पुलिस के अधिकारी द्वारा यातायात व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था ड्यूटी के लिए जवानों का डिप्लॉयमेंट कर व्यवस्थायें बनाई गईं। आवश्यकता पड़ने पर घायलों को मेडिकल पोस्ट पहुँचाने तथा आवश्यक उपकरणों के वाहनों को घटनास्थल पर निर्बाध आने-जाने के लिए ग्रीन कॉरीडोर बनाया गया। पुलिसकर्मियों द्वारा भगदड़ एवं अफवाहों को रोकने के लिये विशेष तैनाती की गई।

बचाव उपकरणों के साथ घटना स्थल पर पहुंची एसडीईआरएफ की टीम द्वारा प्रथमत: जवानों के द्वारा आग बुझाने के लिये फायर टीम का सहयोग किया गया । थोड़ी देर में आग पर काबू पा लेने के उपरांत एस.डी.ई.आर.एफ. जवान बी.ए. सेट पहनकर तैयार हुये। आग पर काबू पाने के उपरांत अंदरूनी भाग में गरम भाप एवं गैस बनी होने के कारण एस.डी.ई.आर.एफ. के जवान बी.ए. सेट पहनकर क्रॉलिंग कर उन कमरों मे गये, जहां से लोगों के चिल्लाने की आवाजें आ रही थी। वहां से जवानों के द्वारा 04 व्यक्तियों को क्रॉलिंग कर बाहर लाया गया। घायलों को प्रथमोपचार दिया गया और उन्हें लाल, हरी, पीली आदि पट्टी लगाकर स्ट्रेचर से प्रथमोपचार केंद्र पहुँचाया गया।

स्थानीय मेडिकल टीम भी घटना स्थल पर पहुँच चुकी थी। टीम ने साधारण घायल लोगों को प्रथमोपचार केंद्र से फस्ट एड दिया। टीम के कुछ सदस्य राहत कैंप में भी गये, जहाँ आवश्यकतानुसार पुर्नवासित जन को स्वास्थ्य सेवा दी गई। प्रथमोपचार केंद्र से 02 अति घायल व्यक्तियों को एंबुलेंस के माध्यम से मेडिकल पोस्ट (जिला अस्पताल) भिजवाया गया। प्रथमोपचार केंद्र से ही 02 और गंभीर घायल व्यक्तियों को भी एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भिजवाया गया। प्रात: लगभग 10:18 बजे तक पूरी कैजुअलिटी बाहर निकाल ली गई थीं, जिसके बाद ट्रैफिक को खोल दिया गया। मीडिया अधिकारी द्वारा इंसीडेंट कमाण्डर के निर्देशानुसार प्रेस रिलीज प्रेस-क्रांफ्रेंस का आयोजन कराया गया तथा मीडिया में प्रकाशित समाचार से इंसीडेंट कमाण्डर को अवगत कराया गया। आग बुझने के बाद ऑब्जर्वर और इंसीडेंट कमाण्डर की उपस्थिति में डी-ब्रीफिंग हुई, जिसमें सभी के द्वारा किये गये कार्य पर चर्चा की गई।

# ग्राम देवगढ़ में बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों ने श्रमदान कर बावड़ी की सफाई की



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश शासन के द्वारा चलाया जा रहा जल गंगा संवर्धन अभियान जो की 30 मार्च से प्रारम्भ है और 30 जून तक चलेगा, इस जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिये म.प्र. जन अभियान परिषद सतत कार्य कर रहा है।

इसी कड़ी में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक अखिलेश जैन व विकासखंड समन्वयक मोहखेड़ भवानी प्रसाद कुमरे के कुशल मार्गदर्शन में संचालित सीएमसीएलडीपी समाज कार्य के छात्रों द्वारा मोहखेड के सेक्टर- 01 से श्रीमती आरती माटे के सहयोग से ग्राम देवगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत देवगड़ की एक वावड़ी की साफ सफाई की गई एवं वावड़ी पर जमीं हुई काई एवं अपशिष्ट कचरा हटाकर पानी को साफ किया गया। इस श्रमदान कार्य में बीसएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थी पंकज गाडरे व सागर पवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पांढुर्णा जिले में चलाया गया जल संरक्षण अभियान

हमारे प्रतिनिधि शुभम नांदेकर ने बताया कि पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं ब्लॉक समन्वयक दिलीप आठनेरे के मार्गदर्शन में जिला पांढुर्णा में पानी को संवर्धित करने तथा पानी का दुरूपयोग न कर सदुपयोग करते हुए आने वाले वर्षा के दिनों में वर्षा जल संग्रहण की जानकारी देकर जन जागरूक किया गया तथा दीवार लेखन भी किया गया।

# शंकरचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती का प्रेस क्लब के सदस्यों ने किया भव्य स्वागत





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हमारे देश में सनातन संस्कृति के प्रमुख चारधाम धार्मिक स्तंभ में से एक सर्वप्रमुख द्वारका पीठ के जगतगुरू शंकरचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का भव्य प्रथम नगर आगमन हुआ जहां जगह जगह उनका स्वागत किया गया। इसी क्रम में छिन्दवाड़ा के प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा प्रेस काम्पलेक्स के पास स्वागत कर उनका आशीष प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के वरिष्ठ कनिष्ठ सदस्यगण उपस्थित थे।

## प्रेस एसोसिएशन के सदस्यों ने किया स्वागत



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जगतगुरू द्वारका पीठ के जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का प्रेस एसोसिएशन छिन्दवाड़ा के सदस्यों ने स्थानीय दशहरा मैदान के सामने उनके आगमन पर अगुवानी करते हुए भव्य स्वागत किया और पुष्पवर्षा की।

सार-समाचार

## तीन दिवसीय कार्यशाला में पुलिसकर्मियों को दिया नवीन विधि कानून का प्रशिक्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला स्तर पर नवीन विधि कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के समस्त पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य पुलिस बल को नए कानूनों, प्रक्रियाओं एवं तकनीकी पहलुओं से अवगत कराना था, जिससे वे कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू कर सकें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अभियोजन, सीसीटीएनएस, फॉरेंसिक एवं फिंगरप्रिंट से संबंधित विधिक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों में एडीपीओ परितोष देवनाथ, एडीपीओ संजय शंकर पाल एवं एडीपीओ वंदना यादव द्वारा विभिन्न विधिक विषयों पर सत्र लिए गए। इसके अतिरिक्त सीसीटीएनएस टीम द्वारा केस ट्रैकिंग एवं डेटा प्रबंधन प्रणाली की जानकारी दी गई वहीं डॉक्टर अजीता जौहरी द्वारा फॉरेंसिक और फिंगरप्रिंट जांच की नवीनतम तकनीकों एवं नए प्रावधानों से अवगत कराया गया।

यह कार्यशाला पुलिसकर्मियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुई और इससे उन्हें भविष्य में बेहतर कानूनी कार्रवाई एवं विवेचना करने में सहायता प्राप्त होगी।

## सांसद बंटी विवेक साहू ने माचागोरा से पानी छोडने के लिये कलेक्टर को लिखा पत्र

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने माचागोरा से पानी छोडने के लिये कलेक्टर शीलेन्द्र सिंग को पत्र प्रेषित किया है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि विकासखंड चौरई के ग्रामों में पेयजल एवं मवेशियों को पानी की उपलब्धता पेंच नदी से होती है। इस समय पेंच नदी में पानी की अत्यंत कमी हो गई है क्योंकि अब माचागोरा बांध में जल का संचय होने लगा है। नगर पंचायत चौरई, चांद एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता द्वारा मुझसे निरंतर माचागोरा बांध से जल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जा रहा है। पेयजल एवं निस्तार हेतु पानी की आवश्यकता को पूरा करने के लिये प्रत्येक 15 दिवस में क्षेत्र की जनता एवं मवेशियों के लिए आवश्यकतानुसार माचागोरा बांध से पेंच नदी में पानी छुड़वाने का कष्ट करें का पत्र लिखा है।

## लाडो अभियान के अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम की कार्यशाला का आयोजन, दिए टिप्स के साथ नम्बर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में गत दिवस लाड़ो अभियान के अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बाल विवाह के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास डॉ. हेमंत छेकर द्वारा बाल विवाह रोकथाम के संबंध में जानकारी दी गई ।

इस दौरान अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे के द्वारा सभी उपस्थित जनों को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई। इस कार्यशाला में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर एवं ए.सी.ओ. श्री राजोदिया एवं अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी तथा महिला एवं बाल विकास के कर्मचारी के साथ ही इस कार्यशाला में 300 लोग उपस्थित थे । बता दें कि विवाह के दौरान लुके छिपे लोग नाबालिक युवक युवतियों के विवाह करते है जो उचित नहीं है। ऐसी स्थिति में न केवल कार्यशाला में शामिल होने वाले अपितु आम जनता का भी इस दिशा में रूख स्पष्ट एवं सकारात्मक सहयोगात्मक होना चाहिए।



# सांसद विवेक साहू ने खत्म कराया किसानों का धरना आंदोलन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पांढुर्णा जिले के मोहगांव जलाशय के पीड़ित किसान अपनी मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर जल संसाधन कार्यालय के सामने धरने पर बैठे गए थे, जिसकी जानकारी मिलते ही सांसद बंटी विवेक साहू ने किसानों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं को जाना और तत्काल ही कलेक्टर अजय देव शर्मा को फोन कर किसानों की मांगो का शीघ्र निराकरण करने के लिये कहा, साथ ही किसानों को आश्वासन दिया कि वे जल्द ही भोपाल में मंत्री एवं अधिकारियों से मुलाकात कर उनकी मांगों का निरकरण करवायेंगे। वहीं किसानों द्वारा उनके गांव में मोक्षधाम की मांग की गई जिसका तत्काल ही निराकरण करते हुए अपनी सांसद निधि से 2 लाख की राशि मोक्षधाम निर्माण के लिये स्वीकृत की । सांसद द्वारा उनकी मांगों को सुनकर शीघ्र निराकरण का आश्वासन मिलने पर किसानों ने उनका धरना खत्म कर दिया।

उल्लेखनीय है कि मोहगांव जलाशय के गांव नंदवानी, मुगनापार, सरकी खापा और जोबन डेरा के किसान अपनी मांगो को लेकर आए थे। इनमें से बहुत सारी समस्याओं का समाधान प्रशासन ने कर लिया है।

किसानों ने बताया कि हमने अपनी मांगों के बिंदु सांसद के सामने रखे। उन्होंने समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कलेक्टर से चर्चा की। कलेक्टर ने हमें बताया कि कुछ चीजें शासन स्तर पर होनी हैं जैसे कि मुद्रांक शुल्क और हाई लेवल ब्रिज के लिए मंत्री से चर्चा करना पड़ेगा। सांसद द्वारा उनकी मांगो को गम्भीरता पूर्वक लेने एवं मोक्षधाम के लिये तत्काल ही 2 लाख की सांसद निधि देने पर किसानों ने सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

# बीआरसी परासिया ने ली समीक्षा बैठक, शत-प्रतिशत प्रवेश कराएं



**परासिया, देशबन्धु।** जनपद शिक्षा केन्द्र परासिया में सभी बी.ए.सी., जन शिक्षक, एम.आर.सी. के साथ कार्यालय में समीक्षा बैठक का आयोजन परासिया के बी.आर.सी. श्याम कुमार गुन्हेरे की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में आपार आई.डी. की प्रोग्रेस के साथ कक्षा पहली, छटवी में शत प्रतिशत प्रवेश, यू-डायस पर कार्य पूर्ण करने, प्रधान मंत्री पोषण योजना के क्रियान्वयन करने के साथ ही शिक्षकों के ऑन लाईन प्रशिक्षण के संदर्भ में वन टू वन चर्चा की गई। इस दौरान प्रवेश को लेकर सख्त निर्देश दिये गये कि एक भी बच्चा अप्रवेशी ना रहे, वहीं कोई भी विधार्थियों को टी.सी. देने के पूर्व तथ्यात्मक जाँच करें नामांकन किसी भी परिस्थिति में कम ना होवें।

बैठक में बी.ए.सी. सोनिया सराठी, विनोद सोनी, वंदना राय, विजेन्द्र सिंह राठौर के साथ प्रभारी जन शिक्षक वीरेन्द्र शर्मा, राजेश गढ़ेवाल, विमल तारन, जयकुमार आर्य, शादाब कुरैशी, संजय सिंग, जन शिक्षक हरीश गव्हाने, राजेश धुर्वे, दुर्गेश पवार, कुबेर डेहरिया, एजाज खान, महेश नायक, सुमरन बट्टी, एम.आर.सी. निशा राय, राकेश नाग सहित बी.आर.सी. स्टाफ मौजूद रहा।

# 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ थावरीटेका में आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मातृशक्ति एवं अखंड दीपक जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत पर्यावरण हेतु थावरी टेका प्रज्ञा मंडल द्वारा तीन दिवसीये आयोजित पांच कुंडीय यज्ञ के प्रथम दिन शोभायात्रा एवं शाम को गुरुजी का संदेश का प्रवचन हुआ एवं द्वितीय दिवस प्रात: 8:00 पांच कुंडिय यज्ञ प्रारंभ हुआ एवं दोपहर 12:00 से कन्या कौशल शिविर आयोजित किया गया।

छिंदवाड़ा शक्तिपीठ से प्रशिक्षित कन्याओ द्वारा 30 कन्याओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं महिला मंडल का गठन किया गया। शाम 7:00 से शांतिकुंज से आए हुए प्रतिनिधि धनराज धोटे एवं उनके मधुर प्रज्ञा संगीत द्वारा ज्ञानयज्ञ की गंगा एवं गुरुजी का संदेश मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण के संबंध उद्बोधन के साथ भव्य दीपयज्ञ आयोजित किया गया।

अंतिम दिन पांच कुंडीय यज्ञ की पूर्णाहूति संपन्न की गई, जिसमें ग्राम के वरिष्ठों का सम्मान किया गया जिन्होंने यह यज्ञ को सफल बनाया एवं अपना योगदान दिया। तत्पश्चात महाप्रसाद भोजन का आयोजन किया गय।

# कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने की पुष्पवर्षा, महाराजश्री को प्रणाम कर लिया आशीर्वाद



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** धर्म व अध्यात्म की पावन नगरी छिन्दवाड़ा में जगतगुरू शंकराचार्य शारदा मठ के पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का मंगल आगमन हुआ। स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन के समक्ष कमलनाथ एवं नकुलनाथ व समस्त जनमानस की ओर से कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने जगत गुरू शंकराचार्य महाराज स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का पुष्प वर्षा, पुष्प गुच्छ व पुष्हार भेंट कर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया।

स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन के समक्ष कांग्रेस परिवार के द्वारा आतिशबाजी, ढोल, गाजे व बाजों के साथ महाराज श्री का भव्य स्वागत अभिनंदन किया। महाराज श्री के चरणों में प्रणाम कर सभी के लिए सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। अनुशासित व कतारबद्ध खड़े होकर कांग्रेस परिवार के प्रत्येक सदस्य ने जगत गुरू शंकराचार्य महाराज स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज के दिव्य व अलौकिक दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किए।

आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसजन, जिला कांग्रेस कमेटी, शहर कांग्रेस कमेटी, जिला महिला कांग्रेस कमेटी, शहर महिला कांग्रेस कमेटी, युवक कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, एनएसयूआई, कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ, विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण, पर्यवेक्षकगण, ब्लॉक, उपब्लॉक, क्षेत्रीय, शहर अध्यक्षगण, समस्त मोर्चा संघठन अध्यक्षगण, विभाग एवं प्रकोष्ठ अध्यक्षगण उपस्थित रहे।



इस अवसर पर स्वामी जी के आगमन पर मातृ शक्तियों की उपस्थिति और स्वागत करने का उत्साह सर्वाधिक देखने को मिला। मातृशक्तियों ने पुष्पवर्षा कर जयघोष के साथ प्रणाम किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## सांसद ने आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को मुख्यमंत्री से दिलाई सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों का छिंदवाड़ा, नागपुर सहित महानगरों में बेहतर उपचार किया जा रहा है। प्रतिदिन लगभग चार से छ: लोगों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान निधि से ईलाज के लिए आर्थिक सहायता सांसद द्वारा प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में सांसद श्री साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उनकी स्वेच्छानुदान निधि से पांच मरीजों को 2 लाख 80 हजार की आर्थिक सहायता ईलाज के लिए प्रदान की गई है। सांसद श्री साहू ने कहा कि छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले में केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विशेष तौर पर लोगों के ईलाज पर ध्यान दिया जा रहा है। उनके द्वारा लागू की गई आयुष्मान योजना से देश के करोड़ों लोगों को ईलाज के लिए हर माह लाखों रूपये दिए जा रहे है।

उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू ने कमजोर लोगों को हर महीने लाखों रूपये की आर्थिक सहायता मुख्यमंत्री डॉ.ण्मोहन यादव से दिला रहे है। श्री साहू ने पांच मरीजों को मिली 2 लाख 80 हजार की आर्थिक सहायता दिलाई है उसमें वार्ड नं. 19 गुरैया ढाना निवासी श्रीमती मेना पति पंजाबराव ठाकरे को 45 हजार, सौसर के ग्राम मंराम निवासी हीरू किरणाके को 70 हजार, परासिया के ग्राम माडई माल निवासी चमेली यदुवंशी को 70 हजार, परासिया के वार्ड नं. 8 निवासी शरीफ खान को 25 हजार एवं जुन्नारदेव के ग्राम छिंदी कामथ निवासी हरीश पिता पवन यदुवंशी को 70 हजार राशि दी।